अव्यवस्था ▶ मालवीय चौक की सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा, डरकर निकलने मजबूर राहगीर

आखिर कहां आराम फरमा रहे हैं हाका गैंग के कर्मचारी?

नवभारत,जबलपुर। एक तरफ यमराज बनकर बीच सड़क पर आराम फरमाते आवारा मवेशियों का झुंड, दूसरी तरफ वहीं से डर-डर निकलते लोग.. ये नजारा किसी गांव या बस्ती का नहीं बल्कि शहर के हृदय स्थल मालवीय चौक का है। आलम ये है कि पैदल भी लोग इन मवेशियों से बचकर निकलने मजबूर हो रहे हैं क्योंकि जब ये आपस में लड़ने लगते हैं तो कब किसको चोट पहुंच जाए इसका कोई भरोसा नहीं रहता है।

सामने आई तस्वीर ने नगर निगम के हाका गैंग की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया। उधर स्थानीय व्यापारियों और राहगीर अब ये सवाल खड़े करते हुए भी नजर आ रहे हैं कि भैयया.. हाका गैंग वाले कर्मचारी आखिर कहां गायब हैं। जबकि निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू द्वारा हाका गैंग को स्पष्ट निर्देश हैं कि सड़क पर कहीं भी मवेशियों का झुंड न लगे और लगता है तो उन्हें तत्काल वहां से हटाया जाए लेकिन सामने आई तस्वीरों में इन निर्देशों का किस हद तक हाका गैंग ने पालन किया है ये सभी के सामने दिखाई दे रहा है।

शिकायतों के बाद भी असर नहीं

जानकारी के अनुसार शहर की बीच सड़कों पर आवारा मवेशियों का बैठना कोई नई बात नहीं है मालवीय चौक के अलावा रांझी, गलगला, करमचंद्र चौक में भी बड़ी संख्या में आवारा मवेशियों की मौजूदगी है और ये कभी भी रोड पर बैठ रहे हैं। मालवीय चौक के व्यापारियों की माने तो उनका स्पष्ट कहना है कि नगर निगम की हाका गैंग को कई बार आवारा मवेशियों को हटाने की सूचना दी गई लेकिन जमीनी स्तर पर अमले द्वारा किसी भी प्रकार की कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

दफ्तरों के गलियारे

इस बार हार्ड लक था...

जिला अधिवक्ता संघ चुनाव के नतीजे क्या आए, एक प्रत्याशी के चेहरे की मुस्कान ही गायब हो गई। जनाब को पूरा भरोसा था कि जीत की माला पहले से ही उनके नाम लिखी जा चुकी है। लेकिन मतपेटी ने ऐसा फैसला सुनाया कि सारी गणित पलभर में बदल गई। अब जहां भी साथी वकील मिलते हैं, उनका एक ही संवाद सुनाई देता है—यार, इस बार हार्ड लक था! कोई कहता है अधिवक्ताओं का फैसला था, तो कोई इसे किस्मत का खेल बता देता है। उधर दोस्त भी चुटकी लेने का मौका नहीं छोड़ रहे, 'हार्ड लक था या ओवर कॉन्फिडेंस? चाय की टपरी से लेकर बार रूम तक यही वाक्य चर्चा का विषय बना हुआ है। कुछ साथी तो मजाक में सलाह दे रहे हैं कि अगली बार चुनाव चिन्ह से पहले किस्मत का भी प्रचार कर लेना। राजनीति हो या वकालत, जीत का भरोसा और हार का बहाना दोनों साथ-साथ चलते हैं। फिलहाल हारने वाले प्रत्याशी ने 'हार्ड लक' को अपना आधिकारिक बयान बना लिया है। समर्थक भी दिलासा दे रहे हैं— कोई बात नहीं, अगली बार हार्ड लक नहीं, गुड लक रहेगा।

अरे भाई, हमारे खास हैं, छोड़ दो....

पुलिस ने एक संगीन मामले में सफेदपोश को बड़े टशन के साथ दबोचा। ऐतिहासिक घड़ी के पास वाले थाने में घंटों पूछताछ चली। आरोपी के तोते उड़ चुके थे और शहर के कई बड़े सुरमाओं के नाम बेनकाब होने ही वाले थे अगर वे 2 घंटे और थाने में बैठ जाता, तो कई के नकाब उतर जाते। ऐन वक्त पर एक नेताजी का फोन घनघनाया और पुलिस के कानों में फरमान गूंजा। उधर से कड़क आवाज आई अरे भाई, हमारे खास हैं, छोड़ दो उन्हें! खाकी का सारा रोब हवा हो गया। पुलिस ने तुरंत ससम्मान आरोपी को थाने के गेट से बाहर विदा कर दिया। जैसे ही यह बात शहर में फैली, पुलिसिया गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं होने लगी। बदनामी से बचने के लिए पुलिस अगले ही दिन फिर गाड़ी दौड़ाकर आरोपी को दोबारा उठा लाई। इस बार आनन-फानन में कानूनी औपचारिकताएं पूरी की गईं।

धनंजय श्रीवास्तव, अजहर खान

एक नजर में

घर में सीढ़ी से गिरे बुजुर्ग की मौत

नवभारत,जबलपुर। घमापुर थाना अंतर्गत कछियाना मोहल्ला निवासी एक बुजुर्ग शनिवार को घर में सीढ़ी से गिर गया जिसे आनन-फाननमें परिजन उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले गए जहां इलाज के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक रविवार को मेडिकल कॉलेज से सूचना मिली कि रवि छपेल 57 वर्ष निवासी कछियाना मोहल्ला मंगलपराग मैदान घमापुर 1 अगस्त को शाम लगभग 6 बजे घर पर सीढ़ी से गिरने से परिजन निक्की छपेल द्वारा भर्ती कराया गया था दौरान उपचार के रविवार दोपहर लगभग 2 बजे रवि छपेल की मौत हो गई।

पार्लर संचालक पर कैंची से वार

जबलपुर। तिलवारा थाना अंतर्गत संविधान चौक के पास स्थित एक पार्लर के संचालक पर बदमाश ने कैंची से हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक गोपाल श्रीवास 69 वर्ष निवासी रमनगरा तिलवारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि संविधान चौक के पास उसकी वैष्णवी मेंस पार्लर के नाम से दुकान है, दुकान खोलकर अपना काम कर रहा था लगभग 9 बजे सचिन तिवारी निवासी रमनगरा का उसकी दुकान में आकर शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगा, पैसे देने से मना करने पर दुकान बंद करवाने की धमकी देते हुये गाली गलोज करते हुये काउंटर में रखी कैंची से हमलाकर हाथ में चोट पहुँचा दी एवं जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया एवं घटना की जानकारी पुलिस को देने के लिये परिजन एवं क्षेत्रीय नागरिक पहुंचे।

दिव्यांगों के कोच में सफर करने वालों को पकड़ा

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में दिव्यांग यात्रियों के लिए आरक्षित कोचों में अनधिकृत यात्रा रोकने के उद्देश्य से रविवार को रेल सुरक्षा बल ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जबलपुर रेलवे स्टेशन पर सउनि धीरज कुमार एवं प्रधान आरक्षक प्रेम सिंह की टीम ने आने-जाने वाली प्रमुख ट्रेनों के दिव्यांग कोचों की सघन जांच की। अभियान के दौरान गाड़ी संख्या 19051, 20930 और 12141 के दिव्यांग कोचों से कुल छह अनधिकृत यात्रियों को पकड़ा गया, जबकि गाड़ी संख्या 11448 एवं 12322 के दिव्यांग एवं महिला कोचों की भी जांच की गई। जांच के दौरान पकड़े गए सभी छह यात्रियों के खिलाफ रेलवे अधिनियम की धारा 155 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की गई। सभी को आवश्यक समझाइश और काउंसलिंग देने के बाद कुल 12 हजार का जुर्माना वसूला गया। जुर्माना राशि रेलवे बुकिंग काउंटर पर जमा कर नियमानुसार मनी रिसीप्ट (एमआर) भी प्राप्त की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि दिव्यांग यात्रियों के लिए आरक्षित कोचों में अनधिकृत यात्रा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

होती है असुविधा

आरपीएफ़ ने यात्रियों से अपील की है कि वे दिव्यांग यात्रियों के अधिकारों और उनके लिए आरक्षित सुविधाओं का सम्मान करें तथा बिना पात्रता के दिव्यांग कोचों में यात्रा न करें। अधिकारियों ने कहा कि अनधिकृत यात्रियों के कारण दिव्यांग यात्रियों को असुविधा होती है, इसलिए ऐसे मामलों में भविष्य में भी रेलवे अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और इस तरह के विशेष चेकिंग अभियान लगातार चलाए जाएंगे।

लाल बाबा मंदिर धनवंतरी नगर में लाखों की चोरी

जबलपुर। संजीवनी नगर थाना अंतर्गत धनवंतरी नगर में चोरों ने प्रसिद्ध स्वयं सिद्ध श्री लाल बाबा मंदिर परिसर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है जिसमें चोर वारदात को अंजाम देते हुए नजर आ रहे हैं।वारदात से श्रद्धालुओं भारी आक्रोश हो गया है।

मंदिर के पुजारी राहुल चौबे ने बताया कि चोरों ने प्रसिद्ध स्वयं सिद्ध श्री लाल बाबा मंदिर परिसर के भीतर स्थित शनि मंदिर और भगवान शंकर जी के मंदिर के बाहर रखी दोनों मुख्य दान पेटियों के ताले तोड़ दिए। त्योहारों और नियमित श्रद्धालुओं के चढ़ावे के कारण दोनों दान पेटियों में मिलाकर लगभग 2 लाख से 2.5 लाख रुपये की भारी-भरकम राशि जमा थी। चोर दान पेटी में रखी पूरी नकदी समेटकर फरार हो गए। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। तीन चोर एक कैमरे में कैद हुए हैं। पुलिस मामला दर्ज कर पतासाजी कर रही है। इसके साथ ही संदेहियों से भी पूछताछ की जा रही हैं।

केशर विहार कॉलोनी में हुई चोरी

अधारताल थाना अंतर्गत केशर विहार कॉलोनी में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाया। चोरों ने मकान का ताला तोड़कर करीब 85 हजार रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, मृगेन्द्र सिंह बैस (30) का मकान पिछले कुछ महीनों से बंद था। बीती रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया। चोर वहां रखी 42 इंच की टीवी, चांदी का गिलास और टाइमेक्स कंपनी की 2 कलाई घड़ियां चोरी कर ले गए।

युवक को रास्ते में रोककर चाकू से ताबड़तोड़ हमला

नवभारत,जबलपुर। संजीवनीनगर थाना अंतर्गत कछपुरा मालगोदाम रेलवे लाइन के पास एक अज्ञात बदमाश ने रास्ते में रोककर युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर उसका मोबाइल लूट लिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, साहिल तामिया (21) का धनवंतरीनगर शांतिनगर में अपनी चाची के घर रह रहा है। वह गढ़ा बाजार स्थित आकाश मोबाइल शॉप में काम सीखता है। जब वह ऑटो से कछपुरा मालगोदाम उतरा और पैदल अपनी चाची के घर की तरफ जा रहा था। हनुमान मंदिर के सामने एक अज्ञात व्यक्ति उसके पीछे लग गया और खाने के लिए पैसे मांगने लगा। साहिल ने पैसे देने से मना करते हुए कहा कि टिफिन में खाना है, वह खा लो। इतनी सी बात पर बदमाश भड़क गया और उसने चाकू निकालकर साहिल के चेहरे और गले पर वार कर दिया इस बीच दोनों के बीच हुई झूमाझपटी में साहिल का मोबाइल फोन जमीन पर गिर गया। खून से सने युवक को तड़पता छोड़ बदमाश जमीन पर गिरा मोबाइल उठा कर मौके से भाग निकला।

इधर शराब के लिए युवक को मारा चाकू

ओमती थाना अंतर्गत शास्त्री ब्रिज शराब दुकान के पास शनिवार रात शराब के लिए पैसे न देने पर तीन बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। जानकारी अनुसार सत्येन्द्र सिंह ठाकुर 28 वर्ष निवासी रांझी का जबलपुर अस्पताल से नो ड्यूज लेकर अपने काम से जा रहा था। शास्त्री ब्रिज शराब दुकान के पास वह अपने काम से रूका था रात लगभग 9 बजे शराब दुकान के सामने तीन लड़के उसके पास आकर उससे शराब खरीदने के लिये जबरन रूपयों की मांग करने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो एक लड़के ने चाकू से हमलाकर दिया।सत्येन्द्र ने साहस दिखाकर मुख्य आरोपी दीपक पासी (19) को मौके पर ही दबोच लिया, जबकि उसके दो साथी भाग निकले।वहां मौजूद राहगीरों ने बीच-बचाव कर डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची ओमती पुलिस ने आरोपी दीपक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस ने फरार साथी अमन पासी (26) और राहुल रैकवार (27) को भी मदनमहल इलाके से गिरफ्तार कर लिया।

चाकू की नोंक पर लूट करने वाली ई-रिक्शा गैंग गिरफ्तार

नवभारत,जबलपुर। विजय नगर पुलिस ने चाकू की नोंक पर लूट करने वाली शातिर ई-रिक्शा गैंग को दबोच लिया है।

पुलिस के अनुसार लमती निवासी गौरव ठाकुर (29) गढ़ा फाटक स्थित एक कपड़े की दुकान में काम करता है। वह 20 जुलाई की रात करीब 11 बजे घड़ी चौक से पैदल अपने घर लौट रहा था। तभी बचपन स्कूल के पास एक लाल रंग का ई-रिक्शा आकर रुका। उसमें से उतरे दो बदमाशों ने गौरव पर चाकू अड़ा दिया और हाथ-मुक्कों से मारपीट कर 3,900 नगद व पहचान पत्र से भरा पर्स छीनकर मानस चौक की तरफ भाग निकले। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। पुलिस ने मुखबिरों को सक्रिय किया और तकनीकी साक्ष्य जुटाए। सुराग मिलते ही पुलिस टीम ने माढ़ोताल के राजीव गांधी नगर में दबिश दी और घेराबंदी कर नंदू उर्फ शिवकुमार नायक (30), तारा उर्फ तनुज नायक (23) दोनों निवासी माढ़ोताल और संजू केवट (22) निवासी करमेता को दबोच लिया हैं। पुलिस ने पकड़े गए शातिर बदमाशों के पास से छीने गए रुपयों में से 450 नगद बरामद कर लिए हैं, जबकि शेष राशि आरोपियों ने खर्च करना बताया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है। आरोपी नंदू नायक के खिलाफ पूर्व से चोरी और आर्म्स एक्ट के 3 गंभीर मामले दर्ज हैं। वहीं, संजू केवट के विरुद्ध सट्टा और आबकारी एक्ट के 2 अपराध दर्ज हैं। कोर्ट के आदेश पर तीनों को जेल भेज दिया गया है।

ट्रेन से कटे वृद्ध की मौत

नवभारत,जबलपुर। मदनमहल थाना अंतर्गत अप लाईन कछपुरा क्रासिंग के पास रविवार सुबह ट्रेन से कटकर एक वृद्ध की मौत हो गई। मृतक ने आत्महत्या की है या वे किसी हादसे का शिकार हुआ इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है । पुलिस के मुताबिक अंकित जैन 34 वर्ष निवासी एपीआर कॉलोनी अमृततीर्थ करमेता माढ़ोताल ने सूचना दी कि उसके पिता खेमचंद जैन 62 वर्ष अप लाईन कछपुरा क्रासिंग के पास मदनमहल में रविवार सुबह लगभग 7 बजे मदनमहल स्टेशन से कछपुरा तरफ जा रही ट्रेन से कटने से मौत हो गई हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।



सड़क हादसों में चार मोटर साइकिल सवार घायल

जबलपुर । कुंडम एवं पाटन थाना क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोग घायल हो गए । घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने दोनों ही मामलों में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

कुंडम पुलिस के मुताबिक रविवार शाम अरविंद श्रीवास्तव 24 वर्ष निवासी ग्राम मेढ़ी मनेरी थाना बीजाडांडी जिला मंडला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह एवं उसका बड़ा भाई सुनील श्रीवास्तव, नंदकिशोर विश्वकर्मा एवं आशराम विश्वकर्मा के साथ चारों लोग जन्मदिन की पार्टी में कुण्डम आये थे पार्टी में शामिल होकर चारों 2 मोटर सायकलों से वापस मनेरी जा रहे थे कुण्डम कस्तरा रोड सरसवा मुर्गी फार्म के पास पीछे तरफसे आ रही मोटर सायकल क्रमांक एमपी 09 क्यू जेड 1923 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसके बड़े भाई सुनील श्रीवास्तव की मोटर सायकल में टक्कर मार दिया जिससे बड़े भाई सुनील श्रीवास्तव एवं नंदकिशोर विश्वकर्मा मोटर सायकल सहित गिर गये, दोनों को हाथ पैर व शरीर में चोटें आईं।

इसी प्रकार पाटन थाने में केशव राय निवासी ग्राम उड़ना पाटन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रविवार सुबह लगभग 10 बजे मजदूरी करने जबलपुर जा रहा था वह एवं कल्लू एक मोटर सायकल में तथा उसका छोटा भाई विकास राय, कोमल दाउ मोटर सायक क्रमांक एमपी 20 एन एन 2695 पर थे विकास मोटर सायकल चला रहा था लगभग 10-10 बजे जैसे ही रिंग रोड के पास पहुँचे काले रंग की पल्सर मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एनक्यू 6405 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी मोटर सायकल को ओवरटेक किया अचानक से एक ट्रक सामने से आने पर पल्सर मोटर सायकल चालक ने अपनी मोटर सायकल वायें तरफकाटी एवं विकास की मोटर सायकल में पीछे से टक्कर मार दिया जिससे विकास एवं कोमल दाउ मोटर सायकल सहित गिर गये दोनों को हाथ पैर व शरीर में चोटें आई।

सीपीसीटी कंप्यूटर क्लासेज में छात्रा से की छेड़छाड़

▶ रांझी थाने में टीचर के खिलाफ एफआईआर दर्ज

नवभारत, जबलपुर। रांझी थाना अंतर्गत कोतवाल पार्क के समीप संचालित सीपीसीटी कंप्यूटर क्लासेज में एक 19 वर्षीय छात्रा से टीचर ने छेड़छाड़ की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कोतवाल पार्क के पास स्थित कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का संचालन हर्षदीप नान्दरा करता है, जहां वे छात्र-छात्राओं को पढ़ाने का काम करता है। 19 वर्षीय छात्रा को शिक्षक पढ़ाते समय उस पर बुरी नीयत रखता था। वह अक्सर उसे गलत तरीके से छून की कोशिश करता था। पीड़िता और उसकी सहेली ने जब शिक्षक की इस घिनौनी और मर्यादित हरकत का कड़ा विरोध किया, तो आरोपी अपनी गलती सुधारने के बजाय उन पर हावी हो गया। आरोपी हर्षदीप ने दोनों को क्लास से बाहर निकालने और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देना शुरू कर दिया।

शिक्षक की इस लगातार प्रताड़ना और धमकियों के डर से पीड़िता मानसिक रूप से अत्यंत तनाव में आ गई थी। कुछ दिनों पहले जब क्लास में छात्रा को अकेली पाकर आरोपी ने फिर से उसके साथ अश्लील हरकत की, तो पानी सिर से ऊपर चला गया। इस बार छात्रा ने हिम्मत जुटाई और घर पहुंचकर अपने परिजनों को शिक्षक की इस पूरी काली करतूत की जानकारी दी। आपबीती सुनते ही परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। वे पीड़िता को लेकर सीधे रांझी थाने पहुंचे और मामला दर्ज कराया।

पुलिस ने आरोपी शिक्षक हर्षदीप नान्दरा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस टीम आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उसके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है।

फ्रेंडशिप डे ▶ सावन और मित्रता के उत्साह में सजा एमकेआर इवेंट्स का सांस्कृतिक आयोजन

सावन की फुहारों के साथ झूमे दोस्ताना रिश्ते

नवभारत, जबलपुर। दोस्ती के रंगों और सावन की फुहारों के बीच रविवार को शहर में फ्रेंडशिप डे उल्लास और अपनत्व के साथ मनाया गया। इस मौके पर एमकेआर इवेंट्स द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम ने उत्सव को यादगार बना दिया, जहां संगीत, नृत्य और मनोरंजक गतिविधियों ने सभी को उत्साहित कर दिया। मित्रता के इस खास अवसर पर युवाओं और महिलाओं ने एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा कर रिश्तों की मिठास को और मजबूत किया।

एमकेआर इवेंट्स द्वारा सावन और फ्रेंडशिप डे के अवसर पर एक रंगारंग एवं उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर की महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सावन के उल्लास के साथ मित्रता का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, डांस परफॉर्मेंस, मनोरंजक गेम्स और फ्रेंडशिप डे से जुड़ी आकर्षक गतिविधियों ने सभी का मन मोह लिया। प्रतिभागियों ने सावन थीम पर पारंपरिक परिधानों में अपनी शानदार प्रस्तुति देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर विशेष अतिथियों ने उपस्थित होकर सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया तथा ऐसे आयोजनों को सामाजिक मेल-जोल, आपसी प्रेम और सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देने वाला बताया।

विजेताओं को सम्मानित किया

कार्यक्रम का सफल संचालन प्रिया आनंद ने अपनी प्रभावशाली शैली में किया, जिससे पूरे आयोजन में उत्साह का माहौल बना रहा। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। एमकेआर इवेंट्स की टीम ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया। पूरा आयोजन संगीत और मित्रता के रंगों से सराबोर रहा तथा सभी प्रतिभागी सुखद यादों के साथ अपने घर लौटे।